## एक नजर में

### तीन सर्वश्रेष्ठ पत्र लेखकों को किया जाएगा पुरस्कृत

**नीमच।** भारतीय डाक विभाग द्वारा अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन अभियान वर्ष 2025-26 के तहत पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन 8 सितम्बर 2025 से 8 दिसम्बर 2025 तक किया जा रहा है। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय मेरे आदर्श का पत्र निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के लिए रखी गई है, जिसमे अठारह वर्ष तक तथा अठारह वर्ष के अधिक की दो श्रेणियां रखी गई है। इन दो श्रेणियों में अंतर्देशीय पत्र (अधिकतम 500 शब्दों में) एवं लिफाफा (अधिकतम 1000 शब्दों में) की दो उपश्रेणियां रखी गई है। हस्त लिखित पत्र हिंदी। अंग्रेजी में अधीक्षक डाकघर, मंदसौर संभाग, मंदसौर-458001 के कार्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा हाथों-हाथ भेजा जा सकता है। पत्र में प्रतिभागी को उम्र के सम्बन्ध में स्वहस्ताक्षरित प्रमाण पत्र देना होगा कि 1 सितम्बर 2025 को मेरी आयु 18 वर्ष से कम, अधिक है। मध्यप्रदेश परिमंडल से प्रत्येक उपश्रेणी के सर्वश्रेष्ठ तीन पत्रों को क्रमश: रू. 25000/-, रु. 10000/- एवं रु. 5000/- से पुरुस्कृत किया जायेगा एवं चयनित पत्रों को अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु महानिदेशालय नई दिल्ली भेजा जाएगा। महानिदेशालय नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर प्रत्येक उपश्रेणी में चयनित सर्वश्रेष्ठ तीन पत्रों को क्रमश- रू 50,000/-, रु 25000/- एवं रु 10000/-से सम्मानित किया जायेगा। पत्र पोस्ट करने की अंतिम तारीख 8 दिसम्बर 2025 रखी गई है। इसके बाद पोस्ट किये गये पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। परिमंडल स्तर पर चयनित प्रतिभागियों का परिणाम 23 जनवरी 2026 तक घोषित किया जावेगा। परिमंडल प्रमुख श्री विनीत माथुर, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, मध्यप्रदेश परिमंडल, भोपाल ने मध्यप्रदेश के सभी नागरिको से अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन अभियान से जुड़ने की अपील की है।

### भावांतर योजना के संबंध में बैठक

**नीमच।** मुख्यमंत्री, म.प्र.शासन द्वारा सोयाबीन में भावांतर योजना लागू की गई है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), नीमच श्री संजीव साहू की अध्यक्षता में किसान संघ के प्रतिनिधि, व्यापारी संघ, हम्माल एवं तुलावटी संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक एसडीएम कार्यालय नीमच के सभाकक्ष में शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में सभी कोक शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया, साथ ही योजना के सफल क्रियान्वयन तथा अधिकाधिक किसानों को लाभांवित करने में सभी से सहयोग का आव्हान किया गया। बैठक में एसडीएम ने सोयाबीन उपज मण्डी में विक्रय के लिए लाने वाले किसानों को अपनी उपज के विक्रय में मण्डी परिसर में कम से कम समय लगे, इसका विशेष ध्यान रखने की बात भी कही।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नीमच।** नीमच-मनासा मार्ग पर रेवली-देवली गांव के पास शुक्रवार रात सड़क हादसे में सुनील मेघवाल (35) की मौत हो गई। वह जीरन थाना क्षेत्र के कालीकोटड़ी का निवासी था। जानकारी के अनुसार युवक रात करीब 11 बजे मोटरसाइकिल से जा रहा था। रेवली-देवली के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक काफी दूर जा गिरी। सुनील ने हेलमेट नहीं पहना था, जिसके कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल सुनील को टेंपो से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, इलाज के दौरान शनिवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस आरोपी वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

### नाहरगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, एक तस्कर गिरफ्तार



**नाहरगढ़ (मंदसौर)।** थाना नाहरगढ़ पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत एक अंतर्राज्यीय गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रक कंटेनर से 640 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। पकड़ी गई शराब की अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपये है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बासमती चावल की फर्जी बिल्टी पर अवैध शराब ले जाई जा रही है। इस पर बसई-डिगांव रोड, झलारा फंटा पर नाकाबंदी कर ट्रक कंटेनर (आरजे 09 जीए 9603) को रोका गया। ड्राइवर भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम भूपतलाल मेघवाल (30) निवासी भाटाला, जिला बालोतरा (राजस्थान) बताया। तलाशी में 640 पेटी अंग्रेजी शराब मिली, जिसके दस्तावेज वह पेश नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) में प्रकरण दर्ज कर वाहन (मूल्य लगभग 50 लाख) व शराब जब्त की है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक वरुण तिवारी व उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### पिपलियामंडी पुलिस ने पकड़ा अवैध मादक पदार्थ तस्कर



**पिपलियामंडी (मंदसौर)।** पुलिस की सक्रियता से पिपलियामंडी-मुन्देड़ी रोड पर ईच्छा पूर्ण बालाजी मंदिर के सामने वाहन चेकिंग के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 77 ग्राम अल्प्राजोलम व 6.130 किलोग्राम डोड़ाचूरा सहित कुल 4.15 लाख रुपये की अवैध मादक सामग्री जब्त की गई। आरोपी जाहिद खान (40), निवासी ग्राम बाबुखेड़ा थाना पिपलियामंडी को लाल रंग की टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल (स्क्ष्का 4हृश्व6818) पर पकड़ा गया। उसके पास से एक एंड्रॉयड मोबाइल भी बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि मादक पदार्थ प्रहलाद राजपूत से लाया गया था, जो फिलहाल फरार है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवांशु मालवीय व पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित सहायता के लिए हेल्पलाईन

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित सहायता के लिए कई हेल्पलाईन संचालित की जा रही हैं। ये हेल्पलाईन 108 समस्त मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग हृ॥, राज्यमार्ग स्॥, प्रमुख जिला सड़क, ग्रामीण सड़क) मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित एम्बुलेंस के लिए, 1099 राज्यमार्ग (स्॥) पर म.प्र. सड़क निगम द्वारा संचालित एम्बुलेंस के लिए, 1033- राष्ट्रीय राजमार्ग (हृ॥) पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा संचालित एम्बुलेंस के लिए, डॉयल 100 किसी भी आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए है। इन हेल्पलाईन के माध्यम से दुर्घटना की स्थिति में पीड़ित को तत्काल सहायता प्राप्त हो सकती है।

# जीरन में सांस्कृतिक मंच पर मार पिटाई का प्रदर्शन

▶ रंगारंग कार्यक्रम में डांसर के साथ डांस करने पर हाथापाई, कांग्रेस पार्षद गिरफ्तार

**नीमच। जीरन में दशहरा उत्सव का माहौल खुशियों से भरा था... मंच सजा था, डांसर प्रस्तुति दे रही थी, तभी एक पल में यह रंगारंग माहौल विवाद में बदल गया, सांस्कृतिक कार्यक्रम अचानक मारपिटाई के अखाड़े में बदल गया।**

दरअसल, नगर परिषद जीरन की ओर से तीन दिवसीय दशहरा मेला आयोजित किया गया था। 30 सितंबर से शुरू हुए इस आयोजन में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी रखी गईं। 1 अक्टूबर की रात करीब साढ़े नौ बजे मंच पर महिला कलाकारों ने डांस की प्रस्तुति शुरू की। सब कुछ सामान्य चल रहा था, तभी नगर का एक युवक भी मंच पर चढ़कर कलाकारों के साथ डांस करने लगा। मंच पर यह दृश्य देखकर दर्शकों में बैठे कुछ नागरिकों ने आपत्ति जताई। इन्हीं में से जयप्रकाश नगर जीरन निवासी भेरूलाल अहिरवार ने भी मंच पर जाकर डांस करने वाले युवक को रोकने की कोशिश की। इस दौरान वहां मौजूद कांग्रेस पार्षद पुष्पेंद्र सिंह सोनिगरा से भेरुलाल की कहासुनी हो गई। कहा-सुनी, धक्का मुक्की के बाद विवाद में बदल गई और देखते ही देखते मंच पर मारपीट की स्थिति बन गई।

मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया और किसी तरह मामला शांत कराया। लेकिन बात यहीं नहीं थमी। देर रात भेरूलाल अहिरवार अपने परिजनों और समर्थकों के साथ जीरन थाने पहुंचे





और पार्षद सोनिगरा के खिलाफ जातिसूचक गालियां देने व मारपीट करने की शिकायत दर्ज करा दी।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर पार्षद सोनिगरा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पता चला कि सोनिगरा भी अपनी फ़रियाद लेकर कुछ लोगों के साथ थाने आवेदन देने पहुंचे, लेकिन तभी पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

अगले दिन, 2 अक्टूबर को, इस घटना के विरोध में नागरिकों ने हरवार चौराहे पर प्रदर्शन किया और कांग्रेस पार्षद की गिरफ्तारी की मांग की। कुछ देर यातायात भी बाधित रहा। बाद में पुलिस द्वारा सोनिगरा की गिरफ्तारी की जानकारी देने के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

उधर, नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 13 से भाजपा पार्षद प्रभा राजेश लक्षकार ने भी इस मामले में नगर परिषद सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर मंच पर हुए विवाद की जांच करने और संबंधित कलाकार समूह के भुगतान पर रोक लगाने की मांग की है।

> मैं मंच पर परिषद सदस्य के नाते मौजूद था। एक व्यक्ति ने डांसर के साथ युवक के मंच पर जाने को लेकर विवाद खड़ा किया और मेरे साथ बदसलूकी की। मेरे खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई गई है।
>
> **- पुष्पेंद्र सिंह सोनिगरा, पार्षद वार्ड क्रमांक 3 जीरन**

> डांसर के साथ डांस करने को लेकर विवाद हुआ था। एक व्यक्ति ने कांग्रेस पार्षद के खिलाफ मारपीट व जातिसूचक गालियां देने की शिकायत की। एससी एसटी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है...जांच की जा रही है, पार्षद की गिरफ्तारी नहीं हुई है,।
>
> **- उमेश यादव, टीआई जीरन**

## ज्ञानमंदिर विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जाना थाने में कैसे होती है, कानूनी प्रक्रिया

**नीमच।** आपराधिक गतिविधियों के रोकथाम के लिए पुलिस किस तरह काम करती है, अपराधियों को किस तरह गिरफ्तार किया जाता है, उन्हें लॉकअप में किस प्रकार और कब तक रखा जा सकता है पुलिस द्वारा हथियारों का उपयोग किस प्रकार किया जाता है, प्रथम सूचना रिपोर्ट से न्यायालय में अपराधी को उपस्थित किये जाने तक की प्रक्रियात्मक कार्यप्रणाली आज शनिवार को ज्ञानमंदिर लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने नीमच कैंट पुलिस थाने पहुँच कर प्राचार्य डॉ. विवेक नागर के मार्गदर्शन में डॉ. वर्षा काछवाल एवं श्रीमति कीर्ति कौशिक द्वारा विद्यार्थियों को पुलिस कार्यप्रणाली के व्यवहारिक ज्ञान से अवगत करवाये जाने हेतु विजिट करवायी गयी।



पुलिस थाना विजिट के दौरान कैंट थाना प्रभारी पुष्पा चौहान एवं उपनिरीक्षक दीवान सिंह चौहान एवं मनोज तिवारी ने विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक बताया, कि पुलिस द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट कैसे दर्ज की जाती है, चार्टशीट तैयार करके अभियुक्त को न्यायालय में उपस्थित करने तक की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया। विद्यार्थियों ने यह भी जाना कि गिरफतार अभियुक्त को किस प्रकार रखा जाता है और किस प्रकार पूछताछ की जाती है उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार अपराध होने पर अन्वेषण किया जाता है और न्यायालय में चालान प्रस्तुत होने के बाद पुलिस अधिकारी की क्या भूमिका होती है। विद्यार्थियों को उक्त विजिट से प्राप्त व्यावहारिक ज्ञान के लिए महाविद्यालय प्रबंधन ने थाना प्रभारी का आभार व्यक्त किया।

## 36 किलो डोडाचूरा सहित कार के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**नीमच। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान और मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत कुकड़ेश्वर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 36 किलो डोडाचूरा सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।**

पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया, एसडीओपी मनासा शाबेरा अंसारी एवं थाना प्रभारी निरीक्षक भीमसिंह सिसोदिया के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। दिनांक 3 अक्टूबर को थाना पुलिस टीम ने टामोटी रोड पर नाकाबंदी के दौरान सफेद रंग की वेन्यू कार (क्रमांक स्क्क 09 ८क्क 4523) को रोककर तलाशी ली। कार से दो काले रंग के प्लास्टिक के कट्टे बरामद हुए, जिनमें कुल 36 किलो अवैध डोडाचूरा भरा मिला।



पुलिस ने वाहन एवं मादक पदार्थ जप्त करते हुए वाहन चालक तेजराम उर्फ तेजु पिता रतनलाल गुर्जर (49), निवासी मालखेड़ा थाना रामपुरा को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 260/25 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

**जब्त सामग्री**- वेन्यू कार - कीमत लगभग 8 लाख, 36 किलो डोडाचूरा - कीमत लगभग 75,000, थाना प्रभारी निरीक्षक भीमसिंह सिसोदिया और पुलिस टीम के इस सराहनीय कार्य की वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशंसा की है। पुलिस अब मादक पदार्थ के स्रोत और अन्य संभावित आरोपियों की जांच कर रही है।

## पुलिस पेंशनर्स संघ मध्य प्रदेश ने प्रदेश के 30 जिलों में स्थापना दिवस मनाया

**मंदसौर।** पुलिस पेंशनर संघ मध्य प्रदेश के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष एमपी सिंह परिहार ने बताया कि दिनांक 4 अक्टूबर 2022 को पुलिस पेंशनर संघ मध्य प्रदेश की स्थापना हुई थी तभी से लगातार पुलिस पेंशनर संघ मध्य प्रदेश मध्य प्रदेश के जिलों में विस्तार करता हुआ आज 30 जिलों में पुलिस पेंशनर संघ कार्य कर रहा है मध्य प्रदेश के जिले नीमच मंदसौर रतलाम उज्जैन देवास शाजापुर अगर राजग? भोपाल इंदौर धार झाबुआ ब?वानी खरगोन बालाघाट मंडला सिवनी शहडोल छिंदवाड़ा पन्ना छतरपुर निवा?ी टीकमगढ़ दमोह दतिया भिंड मुरैना ग्वालियर गुना शिवपुरी निवा?ी अशोक नगर आदि जिलों में सकरी रूप से कार्य कर रहा है विगत 3 वर्षों में संगठन के द्वारा पेंशनर क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं और सामाजिक सरोकार के कार्य जैसे नशा मुक्ति पर्यावरण सुधार संबंधी साफ सफाई संबंधी धार्मिक उत्सवों में सहभागिता आदि सामाजिक में



भी कार्य किया जा रहे हैं आज दिनांक 4 अक्टूबर 2025 को पुलिस पेंशनर संघ मध्य प्रदेश का तृतीय स्थापना दिवस उपरोक्त सभी जिलों में ब?ी ही धूमधाम से मनाया गया।

सभी जिलों में 75 वर्ष से ऊपर वृद्ध पुलिस पेंशनर्स का आत्मीय स्वागत सम्मान किया गया प्रदेश के जिलों में महिला पुलिस पेंशनर्स की भी उपस्थित रही और उनका भी सम्मान किया गया। कार्यक्रमों में हास्य व्यंगों के साथ गीत गजलों का भी आयोजन किया गया और सभी के द्वारा हर्षोल्लास से उपरोक्त आयोजन संपन्न किए गए इसी कार्यक्रम में मंदसौर जिले में प्रांतीय अध्यक्ष एमपी सिंह परिहार के मुख्य अतिथि में होटल जजमान में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 75 वर्ष से ऊपर के पेंशनर्स का सम्मान किया गया महिला पेंशनर्स का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय सचिव राम रतन दुबे, सचिव एसके मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य राय सिंह यादव मंदसौर जिले में भाग जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे मंदसौर जिले के कोषाध्यक्ष नाहर सिंह सिसोदिया मंदसौर जिले के सचिव लाइक खान वरिष्ठ सदस्य रहीम बाग अमीन साहब वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव शंकर सिंह तोमर वहीं सदस्य हरेंद्र सिंह सेंगर नवनीत सदस्य शंभू सिंह चुंडावत भारत सिंह सिसोदिया विनोद बृजवानी बालूराम राठौर मालवीय सत्येंद्र लाड साहब महिला सदस्य विजयलक्ष्मी मंडोवरा लक्ष्मी प्रजापति अवधेश कुमार मिश्रा आरडी शर्माआदि तमाम सदस्य गण उपस्थित हुए। कार्यक्रम के पश्चात भोज का आनंद लिया गया कार्यक्रम में श्री शारदानंद पांडे सबसे वृद्ध पेंशनर 80 वर्ष का पुष्प आहार श्रीफल साल से सम्मान किया गया।

## मुआवजा राशि के नाम पर भाजपा सरकार किसानों का अपमान क्यों कर रही है : कुमावत

**मंदसौर। 3 अक्टूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रदेश के किसानों के साथ मुआवजे के नाम पर जो राशि मुआवजे के रूप में दी गई वह इतनी कम है कि लागत तो दूर की बात मजदूरी तक नहीं निकल पा रही है।**

उक्त बात कहते हुए जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर के उपाध्यक्ष एवं जिला युवा इंटक अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमावत ने बताया कि मुआवजे के नाम पर प्रदेश की भाजपा सरकार ने एक बार फिर अन्नदाता किसानों का मजाक बनाया है,एक ओर हमारा अन्नदाता किसान मौसम की मार झेल रहा है उसकी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। मुआवजे के नाम खानापूर्ति की गई है ऐसे में इसे उत्सव के रूप में मनाना कहां तक उचित है। कुमावत ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा ही किसानों के साथ छलावा करती है चाहे एमएसपी की बात हो या कृषि की आय दुगुनी करने की कोई भी वादा यह सरकार पूरा नहीं कर रही है। कुमावत ने कहा कि किसान आज कमलनाथ जी की सरकार को याद कर रहा है जिस प्रकार उन्होने वर्ष 2019 में बिना सर्वे के भरपूर मुआवजा किसानों को वितरित किया था भाजपा सरकार को भी कमलनाथ सरकार से सीखना चाहिए कि किस प्रकार सम्मानित मुआवजा वितरित किया जाता है।

कुमावत ने कहा कि हमेशा की तरह इस बार भी किसान भाईयों की लड़ाई पूरी दम के साथ लडने के लिए कांग्रेस मैदान में है कांग्रेस द्वारा कल 6 अक्टूबर सोमवार को उचित मुआवजे की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जायेगा।

कुमावत ने क्षेत्र के किसानों से अधिक से अधिक संख्या में उक्त आयोजन में सम्मिलित होने की अपील की है।

**एक नजर** ▶ स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग - सांस्कृतिक विरासत और आर्थिक सशक्तिकरण

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग पर विशेष व्याख्यान

**मंदसौर। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर (प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस) में इतिहास विभाग द्वारा विशेष व्याख्यान एवं स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था —स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग - सांस्कृतिक विरासत और आर्थिक सशक्तिकरण।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने की। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया, अब हमारा कर्तव्य है कि हम स्वच्छता और स्वदेशी के माध्यम से भारत माता की सच्ची सेवा करें। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई और कहा कि स्वच्छता की दिशा में बढ़ाया गया प्रत्येक कदम पूरे देश को स्वच्छ बनाने में सहायक होगा। इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. उषा अग्रवाल ने कहा कि प्राचीन भारत आत्मनिर्भरता का प्रतीक था। भारतीय वस्त्र और शिल्पकला विदेशों में प्रसिद्ध थे। मंदसौर के रेशमी वस्त्र भी विदेशों तक जाते थे। आज आवश्यकता है कि हम विदेशी उत्पादों के स्थान पर भारतीय वस्तुएं, तकनीक और संसाधनों को प्राथमिकता दें।

कार्यक्रम में इतिहास विभाग के शोधार्थी जितेंद्र गवारिया ने



एक रोचक पी.पी.टी. प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया, जिसमें स्वदेशी की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, भारतीय व्यापार का स्वर्णिम इतिहास, गांधी जी की आत्मनिर्भरता की राह, और वर्तमान में भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत तथा वोकल फॉर लोकल अभियानों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अमूल, पतंजलि, फेब इंडिया जैसे सफल स्वदेशी ब्रांड्स की प्रेरक कहानियां भी साझा कीं।

कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के डॉ. शिवकुमार पांडे ने किया तथा आभार प्रदर्शन भी उन्हीं के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजेश सकवार, सुश्री शबनम खान, शोधार्थी सुधांशु पांडे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।